## खबर संक्षेप

### लाला जगदलपुरी की जयंती आज मनाएंगे



जगदलपुर। बस्तर के लोक कवि लाला जगदलपुरी की जयंती पर 17 दिसम्बर को लाला जगदलपुरी की 105 वीं जयंती मनाई जाएगी। लाला जी की साहित्यिक धरोहर में से बस्तर इतिहास एवं संस्कृति, बस्तर लोक संस्कृति लोक कला संस्कृति प्रसंग बस्तर की लोकोक्तियां, आंचलिक कविताएं, जिंदगी के लिए जूझती गजलें, हल्बी लोक कथाएं, वन कुमार और अन्य लोक कथाएं, मिमियाती जिंदगी दहाड़ते परिवेश प्रमुख हैं। 93वर्षों की जीवन यात्रा का विराम 14 अगस्त 2013 को हुआ और वे साहित्य जगत के लिए दुर्लभ साहित्य की अकूत संपत्ति विरासत में दे गए।

### बस्तर बुनियादी सुविधाओं के अभाव में सिसक रहा

जगदलपुर। बस्तर के गांव-गांव में विलक्षण प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस्तर के बच्चों ने देश नहीं दुनियां के मंच पर अपना करिश्मा दिखाया



है। ऐसे में यहां के प्रतिभावान बच्चों को मंच देने का हर प्रयास सराहनीय है। वर्तमान सरकार बस्तर ओलंपिक कर प्रतिभाओ को यहीं तक ना छोड़े बल्कि वह संकल्प ले कि यहां के प्रतिभावान बच्चों को देश दुनियां भर में होने वाले मंचों तक पहुंचाया जाए। जारी बयान जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सम्भागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने कहा है कि बस्तर में जिस तरह समुदाय,धर्म के नाम ज्यादती की जा रही वह उचित नहीं है। बस्तर ओलंपिक में बस्तर के साथ प्रदेश के प्रतिभावान बच्चों को सरकार आगे भी हर तरह की सुविधाएं दें।

### मनीष कुंजाम का बयान आपत्तिजनक : पाल

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने जारी बयान में कहा कि पूर्व



विधायक मनीष कुंजाम के द्वारा सुकमा में बस्तरिया राज मोर्चा के बैनर तले जो कहा है वह अनुचित है। उन्होंने कहा नारायणपुर और कांकेर जिले के अलावा सुकमा जिले में अवैध घुसपैठ हो रही है, बयान में बंगाली समाज को दोषी ठहराया गया है। छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है, हिंदू ,मुस्लिम, सिख, इसाई, आपस में सब भाई- भाई, यह नारा भारत के हर स्कूलों में दिया जाता है, हर कॉलेज में दिया जाता है।

## भूतपूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक में मनाया विजय दिवस

# भारतीय सेना की वीरता का किया यशोगान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- 16 दिसम्बर 1971 को भारतीय सेना ने अदम्य साहस के साथ दुश्मनों पर पाई थी विजय

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जगदलपुर द्वारा सोमवार 16 दिसंबर 1971 विजय दिवस का कार्यक्रम पूरे हर्षोल्लास के साथ सिरहासार चौक स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को नमन और भारतीय सेवा की वीर गाथा का वंदन करते हुए भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और पराक्रम और बलिदान के प्रतीक के रूप में इस दिवस को मनाया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप, पद्मभूषण धर्मपाल सैनी, पर्वतारोही नैना सिंह धाकड़, सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष एल ईश्वर राव, प्रदेश अध्यक्ष पतंजलि योग समिति के मनोज पाणिग्रही, वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष शशिकांत गौतम तथा सुरेश गुप्ता नगर अध्यक्ष भाजपा के अलावा स्कूल व एनसीसी के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष विजय झा, उपाध्यक्ष अर्जुन पांडे, सचिव अजय शुक्ला, सह सचिव मनोज शुक्ला, सह सचिव अभिजीत महतो, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, सह कोषाध्यक्ष सौरव यादव, मीडिया प्रभारी सूर्य प्रकाश शुक्ला, संस्था के संरक्षक घासीराम बघेल, संजय सिंह, सुनील द्विवेदी, सुभाष जॉन व विजय चौहान मौजूद थे।



### सेना के वीरों ने पाकिस्तानी सेना पर पाई थी विजय

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष विजय झा ने बताया कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, वीरता व बलिदान के प्रतीक के रूप में आज के दिन को याद किया जाता है। 1971 में आज ही के दिन भारतीय सेना ने दुश्मनों पर अद्वितीय विजय प्राप्त करते हुए मानवीय मूल्यों के सरंक्षण को बनाए रखा था। इस दिवस को इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में जोड़ा गया है। इसी वर्ष पाकिस्तान को सेना के द्वारा शौर्य व साहस का परिचय देने के लिए भी याद किया जाता है।

# संभाग की 11 मंडियों में 27.63 फीसदी उपज की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




- मंडी बोर्ड के जेडी ने सचिवों की ली मासिक समीक्षा बैठक

बस्तर संभाग के 11 मंडियों में जुलाई माह में उपज की आवक 27.63 फीसदी रही, मंडियों में उपज की आवक होने से हमालों को राहत मिली। बताया जा रहा है कि कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक ने 11 मंडी सचिवों की मासिक समीक्षा बैठक ली। इसमें बताया कि मंडी जगदलपुर में 44.28, कोंडागांव में 47.86, केशकाल में 26.42, कांकेर में 10.82, चारामा में 15.38, संबलपुर में 10.23, पखांजूर में 6.34, गीदम में 57.12, कोंटा में 1023, नारायणपुर में 42.18 एवं बीजापुर में 10.45 फीसदी उपज की आवक रही। मंडी एवं उप मंडियों में इन दिनों मक्का और इमली की आवक है, पर मंडी को इससे शुल्क नहीं मिल रहा है।

### सचिवों को दिए निर्देश

कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक केएल ने सचिवों को निर्देश दिए कि मंडी में उपज की आवक बढ़ाएं, जिससे आय भी बढ़ेंगी।

# सीमावर्ती राज्यों के ओवर लोड वाहन सड़कों पर दौड़ रही, पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- ओव्हरलोड वाहनों से अंदरूनी क्षेत्र की सड़कें हो रही जर्जर
- परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम के कार्रवाई का ध्यान नहीं

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम द्वारा सड़कों में ओव्हरलोड वाहनों में कार्रवाई की जा रही है। माह में लगभग एक दर्जन वाहन ओव्हरलोड वाहनों पर जुर्माना किया जा रहा है, कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों एवं मालिकों को ओव्हरलोड नहीं करने की समझाईश दी जा रही है। इसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग सहित ग्रामीण व अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों में सीमावर्ती राज्यों की ओव्हरलोड वाहनें बेखौफ चल रही हैं। वहीं ओव्हरलोड वाहनों से सड़कें जर्जर हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर ऐसे ओव्हरलोड वाहनों पर सख्ती करने की मांग कर रहे है। बताया जा रहा है कि अब ऐसे वाहनों पर उड़नदस्ता टीम शिकंजा कसेगा।



### जप्त होंगे ओव्हरलोड वाहन

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि दूसरी बार ओव्हरलोड वाहनों पर जप्ती कर कोर्ट भेजा जाएगा। उसके बाद ऐसे वाहनों का पंजीयन निरस्त करने का प्रयास किया जाएगा।



# प्रस्ताव भेजने के बाद धान खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सहकारी समिति कर्मचारी संघ बस्तर के प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष उत्तम सेठिया, सचिव सोनू राव, कोषाध्यक्ष सदानंद सेठिया, सदस्य रुपनाथ पाणिग्रही, सुर्यनारायण सेठिया, दिनमणि जोशी, बलराम सेठिया, नुकेष पाणिग्राही, तरुण सेठिया, एडिशनल कलेक्टर बघेल, डीएमओ ओर संयुक्त पंजीयक विनोद कुमार बुनकर एवं जिला सहकारी बैंक के अतरिक्त प्रबंधक एसए रजा के संयुक्त बैठक मे निर्णय लिया गया। बपर लिमिट उपार्जन केंद्र के टीओ जारी होने के उपरांत और बफर लिमिट सुधार का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजने के बाद सोमवार की दोपहर को बस्तर जिला में खरीदी चालू किया गया।

# केंद्रीय स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम मरीज व इलाज की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- टीम ने किया मेकाज व स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण

भारत सरकार द्वारा गठित केंद्रीय स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम की ओर से सोमवार को बस्तर क्षेत्र का दौरा किया गया। टीम में ट्यूबरक्लोसिस, मलेरिया और एड्स के विशेषज्ञों की टीम सीएमएचओ बस्तर डॉ. संजय बसाक के साथ सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज जगदलपुर का दौरा कर वहां पर बीमारियों से पाए जाने वाले व्यक्तियों की जानकारी और दिए जा रहे इलाज से संबंधित आंकड़े देखे। पश्चात टीम द्वारा सीएचसी तोकापाल, जहां पर मेगा निशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का



आयोजन किया गया था। सभी लोगों ने शिविर में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। इसके पश्चात विशेषज्ञ की टीम द्वारा जन आरोग्य मंदिर, पलवा का दौरा कर वहां की स्थिति को जाना, टीम में भारत सरकार के विभिन्न रोग विशेषज्ञ के अलावा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, प्रभारी जिला मलेरिया अधिकारी, प्रभारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री के साथ मलेरिया के जिला सलाहकार बसंत पांडा, बीएमओ तोकापाल, डॉ. ऋषभ साव, बीइटीओ जीली मंडावी, बीपीएम अलका बैद, लैब टेक्नीशियन महेंद्र पांडे, एनएमए शिवनारायण पांडे, एमपीएस बलराम पांडे और डॉक्टर सी. गावड़े के साथ सभी कर्मचारी शामिल रहे। शिविर का संचालन बीपीएम अलका वेद ने किया।



# पुजारीपारा में हुआ ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला के छापरभानपुरी के पुजारीपारा में रविवार को एक दिवसीय ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। सत्य साई सेवा समिति छापरभानपुरी एवं जगदलपुर के संयुक्त प्रयास से सुबह दीप प्रज्वलन के बाद भजन गाते हुए भ्रमण करते हुए सभी ग्रामीणों को आमंत्रित किया और प्रांगण में संगठन का ध्वजारोहण किया गया। बाल विकास प्रभारी महिला प्रमुखों ने बच्चों की बाल विकास कक्षाएं ली और गीत, कुर्सी दौड़ आदि कार्यक्रम किए गए, शामिल हुए बच्चों को पुरस्कृत किए गए। संगीत शिक्षक श्रीमती संध्या वैष्णव ने शास्त्रीय रागों पर आधारित भजनों की प्रस्तुति की। प्रशांति सेवा में भाग लेने वाले सेवा दल के ग्रामीण भक्तों को श्रीफल, शाल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्थल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें 150 ग्रामीणों का जांच कर दवाएं दी, नेत्र रोगी को परीक्षण कर दवाएं एवं चश्में दिए गए।

# हड़ताल से पेयजल, सफाई सहित कार्यालयीन कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नवयुक्त अधिकारी, कर्मचारी संघ के 250 अधिकारी-कर्मचारी सोमवार को 6 वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। कर्मचारी वेतन भुगतान, एरियर्स भुगतान समेत 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। कर्मचारी शहर के कृषि उपज मंडी के पुराने परिसर में धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी कर रहे हैं। संघ के अध्यक्ष जगदीश बघेल एवं सचिव राजेश ध्रुव ने बताया कि मांगों पर शासन कोई सार्थक पहल नहीं कर रहा है, अब तक सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। नगरीय निकाय के कर्मचारी आगामी चुनाव में परिवार सहित मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के कई नगरीय निकायों में एक से तीन माह का वेतन भुगतान लंबित है। वहीं इस हड़ताल से पेयजल, सफाई कार्य सहित कार्यालय का कामकाज प्रभावित हो रहा है।

बताया जा रहा है कि लंबित वेतन भुगतान सहित एक तारीख को ट्रेजरी के जरिए वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। नगरीय निकायों के प्लेसमेंट ठेका पद्धति को खत्म किया जाए। ओल्ड पेंशन योजना जल्द लागू किया जाए। मृत कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। 12 वर्ष की सेवा पूरा करने वाले कर्मचारियों को जल्द ही पदोन्नति का लाभ दिया जाए एवं छठवें और सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए।

# एक साल में बदहाल छत्तीसगढ़ बना अपराधगढ़ : बिसाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कांग्रेस भवन के सामने तख्ती लेकर किया विरोध

शहर में बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर, ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में शहर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण मोहन कृष्ण पाढ़ी, ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक डेविड के नेतृत्व में व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। सरकार की 1 साल की विफलता को लेकर राजीव भवन के समक्ष हाथों पर तख्ती लिए विरोध प्रदर्शन किया गया साथ ही विरोध प्रदर्शन के पूर्व युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी की राजीव भवन में बैठक हुई। अजय बिसाई ने कहा छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार अपने एक साल पूरे होने का जनादेश मना रही है,इस सरकार के खिलाफ दिव्यांगजन आंदोलन करने को मजबूर हो गये हैं। 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन चुका है। मोहन कृष्ण पाढ़ी तथा अभिषेक डेविड ने बताया छत्तीसगढ़ में 1 साल में सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का ही कार्य किया है। सरकार ने 1 साल में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाई। रोज नक्सली हत्याएं कर रहे हैं। किसानों को एकमुश्त पैसा 3100 रुपए व केंद सरकार द्वारा जारी 117 रुपए सहित 3217 रुपए देना छोड़ उनके साथ छल करने का कार्य सरकार ने किया है। इस दौरान जावेद खान, उदयनाथ जेम्स, राजेश राय, विक्रांत सिंह बिंकु, संदीप दास, संतोष सेठिया, आकिब रजा, शाएमा अशरफ, हेमंत कश्यप,तरनजीत सिंह रंधावा, सुनारू नाग अनुराग महतो, लव मिश्रा, विशाल खंभारी समेत अन्य मौजूद रहे।







# महाविभूति कलश एवं चरणपादुका स्थापना दिवस का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विगत दिनों सर्वेश्वरी समूह नियानार में परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम महाविभूति कलश सह चरणपादुका स्थापना दिवस हर्षउल्लास के साथ सम्पन्न किया गया। संस्था के अध्यक्ष परमपूज्य बाबा संभव राम के उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में परमपूज्य बाबा संभव राम के द्वारा अघोरेश्वर स्मृति स्थल पर पूजन एवं आरती किया गया। उसके बाद संकीर्तन प्रारंभ हुआ। अगले दिन परमपूज्य बाबा संभव राम द्वारा आश्रम के मन्दिर में यन्त्र की स्थापना की गई। उसके बाद महाराज बाबा कीनाराम एवं परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम के विग्रहों का अनावरण किया गया एवं हवन किया गया। अन्त में सामूहिक प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में आस पास के जगहों के साथ वाराणसी, जशपुर, अम्बिकापुर, रायपुर, रांची, दिल्ली से सैंकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। शाखा जगदलपुर से के. डी. सिंह, सुरेश कुमार साव, वाई. के. यदुवंशी, आर के परमार, डॉ. विद्या देशमुख, सुश्री तारा साव, अनल सिंह, गजरूप कांवर के साथ अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।



